RAJASTHAN NURSING COUNCIL
JAIPUR

B-39, Sardar Patel Marg, C- Scheme, Jaipur, Ph- 0141-2222923,Fax:- 2222099

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2020/2033 दिनांकः– 16/9/2020

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय/निजी जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र,
राजस्थान।

विषयः– **जी.एन.एम. पाठ्यक्रम** हेतु अनुकम्पा अवसर (MERCY CHANCE) द्वितीय (ओल्ड सलेबस) **की परीक्षा आयोजित करने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निम्नांकित जी.एन.एम. पाठ्यक्रम हेतु परीक्षाओ का उनके आगे अंकित तिथी को आयोजन कराने का सक्षम स्तर से निर्णय लिया गया है:–

क्रं.सं.	परीक्षा का नाम	दिनांक	परीक्षा केन्द्र
1.	अनुकम्पा अवसर द्वितीय जी.एन.एम. (ओल्ड सलेबस)	23.09.2020 (दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक)	योजना भवन, जयपुर एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग, एस. एस. एस. हॉस्पीटल, जयपुर

उक्त सभी परीक्षाओं का आयोजन वैश्विक महामारी कोरोना (Covid-19) के संक्रमण के बचाव हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों (Guide Line) की पालना सुनिश्चित कराते हुए संचालित किया जाना है जिसमें निम्नांकित बिन्दुओं को ध्यान में रखा जावें।

1. सामाजिक दूरी (Social distancing) की पालना अहम है जिसमें प्रत्येक परीक्षार्थी के मध्य कम से कम 2 गज की दूरी अनिवार्य है।
2. प्रत्येक परीक्षार्थी को मुँह पर मास्क लगाना अनिवार्य है।
3. परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने हाथों को साबुन से धोना/सेनेटाईज करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक परीक्षार्थी को पीने के पानी की व्यवस्था स्वयं करनी होगी परीक्षा केन्द्र पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।
5. सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घण्टे पूर्व परीक्षा अधीक्षक के समक्ष मूल प्रवेश पत्र के साथ अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करना अनिवार्य है निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
6. परीक्षार्थी के एक बार परीक्षा कक्ष छोडने पर दुबारा प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

उक्त के अतिरिक्त कोविड–19 के संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की पालना कर, व्यवस्था सुनिश्चित करावें

(महेश कुमार शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।